August 25, 2022

**BSE Limited**
Corporate Services Department
Phiroze Jeejeeboy Towers,
Dalal Street, Mumbai-400 001

**Scrip Symbol: QUINT**
**Scrip Code: 539515**

**Subject:** **Newspaper advertisement**

**Reference:** **Intimation under Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements), Regulations, 2015, please find enclosed the copies of newspaper advertisement of the notice to the shareholders of the Company regarding 37th Annual General Meeting which is scheduled to be convened on Friday, September 23, 2022 through Video Conference/ Other Audio-Visual Means, published in “Financial Express” (English Newspaper) and “Pratah Kiran” (Hindi Newspaper) on August 25, 2022.

This intimation will also be hosted on the website of the Company i.e. www.quintdigitalmedia.com.

We request you to take the above information on record.

Yours sincerely
**For Quint Digital Media Limited**

QUINT DIGITAL MEDIA LTD.
Company Secretary

**Tarun Belwal**
Company Secretary & Compliance officer

## संक्षिप्त खबरें

### लॉकडाउन में मजदूरों के लिए फ्लाइट टिकट खरीदने वाले किसान ने की आत्महत्या

नई दिल्ली। कोविड-19 महामारी के दौरान बिहार के मजदूरों को घर भेजने के लिए फ्लाइट टिकट खरीदने वाले किसान पप्पन सिंह गहलोत ने मंगलवार शाम को बाहरी उत्तरी दिल्ली के तिगीपुर गांव स्थित घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि शाम करीब पांच बजे उन्हें घटना की सूचना मिली। गहलोत एक सुसाइड नोट छोड़ गए हैं, जिसमें उन्होंने बीमार रहने को आत्महत्या का कारण बताया है। उनके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए पास के सरकारी अस्पताल भेज दिया गया। गहलोत तब खबरों में आए थे, जब उन्होंने अपने मजदूरों को फ्लाइट से बिहार भेजा था, ताकि वे कोविड-19 महामारी के दौरान अपने परिवार से मिल सकें। कई लोग उन्हें दिल्ली का सोनू सूद कहते थे। बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित ने भी रेडियो पर उनकी कहानी सुनी थी, जिसमें बताया गया था कि कैसे उन्होंने लीक से हटकर लोगों की मदद की। गहलोत के परिवार में उनकी पत्नी और एक बेटी है।

### रामलीला महोत्सव समिति के सह सचिव बने शिक्षाविद् शेखर वार्ष्णेय

नई दिल्ली। शिक्षाविद् शेखर वार्ष्णेय को राजधानी दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान ऋषिकेश में होने वाली रामलीला महोत्सव समिति का सह सचिव बनाया गया है। कर्मठ, सामाजिक, धार्मिक और विश्वसनीय व्यक्तित्व के धनी शेखर वार्ष्णेय दिल्ली के झड़ौदा कलां स्थित एवरग्रीन पब्लिक स्कूल के चेयरमैन भी हैं। अब वह रामलीला के मंचन आयोजन में अहम भूमिका निभाएंगे। बुधवार को इसकी जानकारी देते हुए अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ. वेद टंडन ने बताया कि आगामी 27 सितंबर को रामलीला के मंचन का शुभारंभ होगा। उन्होंने बताया कि पूज्य स्वामी चिदानंद सरस्वती महाराज और राष्ट्र मंदिर के संस्थापक अजय भाई के सानिध्य में रामलीला का आयोजन किया जाएगा। डॉ. वेद टंडन ने बताया कि इस साल लोगों को गंगा दर्शन के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय रामलीला का मंचन देखने को मिलने वाला है। उन्होंने बताया कि ऋषिकेश में भव्य रामलीला का मंचन किया जाएगा। इस बार विभिन्न टीवी चैनलों से प्रसारित होने वाली अंतरराष्ट्रीय रामलीला संग गंगा दर्शन भी होगा।

### 64 लाख की एम्फैटेमिन अफ्रीकन ड्रग्ग के साथ तस्कर गिरफ्तार

नई दिल्ली। द्वारका जिले की एंटी नारकॉटिक्स सेल की पुलिस टीम ने नशे के कारोबार में लिप्त एक अफ्रीकन ड्रग पेडलर को गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान ओन्येका लोंगनस एन्योघासी के रूप में हुई है। ये नाइजीरिया का रहने वाला है। डीसीपी एम. हर्षवर्धन ने बुधवार को बताया कि ड्रग्स सिंडिकेट और इसके कारोबारियों को पकड़ने के लिए एंटी नारकॉटिक्स की टीम को लगाया गया था। इसी क्रम में टीम को मोहन गार्डन इलाके में एम्फैटेमिन की सप्लाई में लिप्त एक अफ्रीकी ड्रग्स तस्कर के बारे में पता चला। जिस पर एक्शन करते हुए एसीपी राम अवतार की देखरेख में एंटी नारकॉटिक्स के इंचार्ज इंस्पेक्टर सुभाष चंद, एएसआई विनोद, हेड कॉन्स्टेबल सुशील, संदीप, महिला हेड कॉन्स्टेबल सोनू की टीम ने ट्रेप लगाया।

# 97 इलेक्ट्रिक बसें को राजघाट से केजरीवाल ने दिखाई हरी झंडी

## धीरे-धीरे हम प्रदूषण पैदा करने वाली बसों को हटाते जा रहे हैं और इलेक्ट्रिक बसों को सड़कों पर उतारते जा रहे हैं- अरविंद केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

केजरीवाल सरकार ने प्रदूषण के खिलाफ जंग को मजबूती देते हुए दिल्ली की सड़कों पर आज 97 और इलेक्ट्रिक लो-फ्लोर बसें उतारी है। राजघाट डिपो से इन बसों को हरी झंडी दिखाते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि धीरे-धीरे हम प्रदूषण पैदा करने वाली बसों को हटाते जा रहे हैं और इलेक्ट्रिक बसों को सड़कों पर उतारते जा रहे हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य में हमने दिल्ली में एक विश्वस्तरीय मॉडल दिया है। अब ट्रांसपोर्ट सेक्टर में दिल्ली को पूरी दुनिया का मॉडल बनाएंगे। हम दूसरे देशों के मॉडर्न ट्रांसपोर्ट सिस्टम को अपनाएंगे और दिल्ली को सबसे बढ़िया ट्रांसपोर्ट मॉडल के रूप में प्रस्तुत करेंगे। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में अभी 153 इलेक्ट्रिक बसें चल रही थीं। आज बेड़े में 97 और ई-बसों के शामिल होने के बाद इनकी संख्या 250 हो गई है। नवंबर 2023 तक 1500 और ई-बसें आ जाएंगी और बेड़े में 1800 ई-बसें होने के साथ ही दिल्ली, देश का इकलौता शहर हो जाएगा, जहां सबसे अधिक इलेक्ट्रिक बसें होंगी। 2025 के अंत तक परिवहन विभाग में कुल बसों की संख्या 10,380 हो जाएगी, जिसमें करीब 80 फीसद (8180) इलेक्ट्रिक बसें होंगी। इस अवसर पर परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। एक इलेक्ट्रिक बस करीब 42 मिनट में होगी चार्ज मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज राजघाट बस डिपो-2 से 97 लो फ्लोर इलेक्ट्रिक एसी बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन बसों के डीटीसी के बेड़े में शामिल होने से दिल्ली सरकार द्वारा प्रदूषण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को और मजबूती मिलेगी। बसों को हरी झंडी दिखाने के उपरांत परिवहन मंत्री के साथ सीएम अरविंद केजरीवाल ने बस डिपो में स्थापित चार्जिंग स्टेशन का निरीक्षण किया। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने मुख्यमंत्री को चार्जिंग स्टेशन के बारे में बताया। सीएम अरविंद केजरीवाल ने बस में नोजल लगाकर देखा कि कैसे चार्ज होता है। वहीं, विशेषज्ञों ने बताया कि एक बस की बैटरी अगर



जीरो फीसद है और उसे 100 फीसद तक चार्ज करना है तो लगभग 42 मिनट का समय लगता है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सड़कों पर उतर रहीं बसों का निरीक्षण भी किया और एक बस में जाकर यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। यह सभी बसें एयरकंडीशंड हैं। इनका किराया भी काफी कम है। 1500 और इलेक्ट्रिक बसों का ऑर्डर दिया जा रहा है और यह बसें अगले साल के अंत तक आ जाएंगी- अरविंद केजरीवाल इस अवसर पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज सभी दिल्लीवासियों के लिए बहुत ही खुशी का दिन है। अभी दिल्ली की सड़कों पर 153 इलेक्ट्रिक बसें चल रही हैं। पिछले कुछ महीनों में समय- समय पर जब बसें आई, हमने उन बसों को सड़कों पर उतारा। आज 97 लो फ्लोर इलेक्ट्रिक बसें और दिल्ली की सड़कों पर उतर रही हैं। इन सभी बसों को मिलाकर अब दिल्ली की सड़कों पर लगभग 250 बसें चलेंगी। इसके अलावा, सितंबर के महीने में 50 और बसें आ रही हैं। इस प्रकार, 30 सितंबर तक 300 लो फ्लोर इलेक्ट्रिक बसें दिल्ली की सड़कों पर होंगी। यह बहुत खुशी की बात है कि धीरे-धीरे हम प्रदूषण पैदा करने वाली बसों को हटाते जा रहे हैं और मॉडर्न इलेक्ट्रिक बसों को सड़कों पर उतारते जा रहे हैं। इसके साथ ही, 1500 और इलेक्ट्रिक बसों का ऑर्डर दिया जा रहा है और यह बसें अगले साल के अंत तक आ जाएंगी। हमें उम्मीद है कि नवंबर 2023 के अंत तक दिल्ली में कुल 1800 इलेक्ट्रिक बसें हो जाएंगी। इसके बाद बहुत तेजी से इलेक्ट्रिक बसें दिल्ली की सड़कों पर लाया जाएगा। 2025 के अंत तक 6380 और इलेक्ट्रिक बसें लाएंगे, जिसके बाद दिल्ली में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या 8180 हो जाएगी- अरविंद केजरीवाल सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 2025 के अंत तक 6380 और इलेक्ट्रिक बसें लाएंगे।

### 2025 तक डीटीसी के बेड़े में शामिल हो जाएंगी 8180 इलेक्ट्रिक बसें

डीटीसी ने 1500 लो फ्लोर जीरो एमिशन इलेक्ट्रिक बसों का कांट्रैक्ट दिया जा रहा है। ये लो-फ्लोर इलेक्ट्रिक बसें नवंबर 2023 तक आ जाएंगी। डीटीसी द्वारा इन 1500 लो-फ्लोर इलेक्ट्रिक बसों को अपने बेड़े के उपरांत इनकी संख्या बढ़कर 1800 हो जाएगी। अभी तक देश के किसी भी राज्य में लो-फ्लोर इलेक्ट्रिक बसों की संख्या का आंकड़ा 1800 तक नहीं पहुंचा है। एक तरह दिल्ली देश का इकलौता राज्य हो जाएगा, जहां की सड़कों पर 1800 लो-फ्लोर इलेक्ट्रिक बसें दौड़ेंगे। वहीं, दिल्ली परिवहन निगम अपने बेड़े में इलेक्ट्रिक बसों आगे भी शामिल करना जारी रखेगा। दिल्ली सरकार की मंशा है कि 2025 तक 6380 अतिरिक्त इलेक्ट्रिक बसें और खरीदी जाएंगी। सरकार के प्लान के अनुसार, 6380 लो-फ्लोर इलेक्ट्रिक बसें 2025 के अंत तक आ जाएंगी, तो डीटीसी के बेड़े का आंकड़ा 10,380 बसों का हो जाएगा। इसमें 8180 लो-फ्लोर इलेक्ट्रिक बसें शामिल होंगी, जो बेड़े में शामिल कुल बसों का लगभग 80 फीसद है। दिल्ली में वर्तमान में शहरी बस परिवहन बेड़े के अंतर्गत 7373 बसें सड़कों पर हैं। इसमें सीएनजी और इलेक्ट्रिक दोनों शामिल हैं, जो सिटी बस परिवहन के अंदर मौजूद बसों की अब तक की सबसे अधिक संख्या है। इसमें दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के तहत संचालित 4064 और डीआईएमटीएस (दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टीमॉडल ट्रांजिट सिस्टम) के तहत संचालित की जा रही 3309 बसें शामिल हैं। जबकि डीटीसी पहले से ही अपने बेड़े के तहत 153 लो-फ्लोर इलेक्ट्रिक बसों का संचालन कर रही है।

# कुतुब मीनार परिसर में पूजा की अनुमति देने की मांग पर सुनवाई 13 सितंबर को

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली के साकेत कोर्ट ने कुतुब मीनार परिसर में पूजा की अनुमति देने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई टाल दी है। एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज दिनेश कुमार ने मामले की अगली सुनवाई 13 सितंबर को करने का आदेश दिया। आज सुनवाई के दौरान मामले में खुद को पक्षकार बनाने की मांग करनेवाले कुंवर महेंद्र ध्वज प्रसाद सिंह के वकील कोर्ट में पेश नहीं हुए। सुनवाई के दौरान आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) ने कुंवर महेंद्र ध्वज प्रसाद की अर्जी का विरोध करते हुए कहा कि उनकी याचिका सुनने का कोई औचित्य नहीं है। एएसआई ने कहा कि जमीन के मालिकाना हक को लेकर 1947 के बाद से किसी भी कोर्ट में अपील दायर नहीं की गई। एएसआई ने कहा कि संरक्षित इमारत में कोई भी पूजा या इबादत करने के अधिकार का दावा नहीं कर सकता है। सुनवाई के दौरान 24 मई को कोर्ट ने याचिकाकर्ता की ओर से वकील हरिशंकर जैन ने कहा था कि पिछले




आठ सौ वर्षों से इस परिसर का इस्तेमाल मुस्लिमों ने नहीं किया है। उन्होंने कहा था कि जब मस्जिद के काफी पहले यहां मंदिर था तो पूजा की अनुमति क्यों नहीं दी जा सकती है। हरिशंकर जैन ने एंशियंट मॉनुमेंट्स एंड आर्कियोलॉजिकल साईट्स एंड रिमेंस एक्ट की धारा 16 का हवाला दिया था जिसमें पूजा स्थल की सुरक्षा का प्रावधान किया गया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पूछा था कि याचिकाकर्ता को कौन से कानूनी अधिकार हैं। मूर्ति के होने पर कोई विवाद नहीं है, लेकिन पूजा करने के अधिकार पर विवाद है। सवाल है कि क्या पूजा का संवैधानिक अधिकार है या दूसरे तरह का अधिकार। क्या याचिकाकर्ता को पूजा के अधिकार से रोका जा सकता है। अगर ये मान लिया जाए कि कुतुब मीनार का मुसलमान मस्जिद के रूप में उपयोग नहीं करते हैं तो इससे याचिकाकर्ता को पूजा करने का अधिकार किस आधार पर मिल जाता है। आठ सौ साल पहले हुई किसी घटना के आधार पर आपको पूजा का कानूनी अधिकार कैसे मिल सकता है। एएसआई ने कोर्ट में जवाब दाखिल कर कहा था कि जब एएसआई ने स्मारक पर नियंत्रण लिया था, तब वहां पूजा नहीं होती थी। एएसआई ने कहा था कि कानूनन संरक्षित स्मारक में पूजा का कोई प्रावधान नहीं है इसलिए याचिका खारिज की जाए। तीन अप्रैल को कोर्ट ने एएसआई को निर्देश दिया था कि वो कुतुब मीनार परिसर में मौजूद कुव्वत उल इस्लाम मस्जिद परिसर में रखी हुई भगवान गणेश की मूर्तियों को परिसर से ना हटाए। इस मामले में पहले से ही पूजा अर्चना अधिकार को लेकर याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ता ने नई अर्जी में कहा है कि गणेश जी की मूर्तियों को नेशनल म्युचुअल अथॉरिटी के दिये सुझाव के मुताबिक नेशनल म्यूजियम या किसी दूसरी जगह विस्थापित नहीं किया जाना चाहिए।

### पटपड़गंज में स्थित कुरियर कार्यालय में लगी आग, एक कर्मचारी झुलसा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

पूर्वी दिल्ली के पटपड़गंज इलाके में बुधवार को एक कूरियर कार्यालय में भीषण आग लग गई। अधिकारियों ने कहा कि आग की चपेट में आने से फर्म का एक कर्मचारी घायल हुआ है। दमकल विभाग के अनुसार दोपहर एक बजे उन्हें एक कूरियर कंपनी के कार्यालय में आग लगने की सूचना मिली। शुरूआत में दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंची और बाद में दमकल की चार और गाड़ियां भी वहां पहुंच गईं। अधिकारी ने कहा, ₹दोपहर 2:40 बजे तक हमने आग पर काबू पा लिया। बचाव कार्य अभी भी जारी है। एक कर्मचारी झुलस गया और उसे लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया गया। आग लगने के सही कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।₹ स्थानीय पुलिस ने कहा कि वे दमकल कर्मियों की भी मदद कर रहे हैं। घटना को लेकर मामला दर्ज किया जा रहा है।

### द्वारका जिले स्थित स्कूल में ईडी की छापेमारी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राजधानी दिल्ली के द्वारका सेक्टर 16बी स्थित प्रूडेंस स्कूल में बुधवार सुबह अचानक पहुंचकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने छापेमारी की। जिसके बाद स्कूल प्रशासन ने आनन-फानन में बच्चों के अभिभावकों को कॉल करके उन्हें स्कूल बुलाकर स्कूल की छुट्टी करके उन्हें घर वापस भेज दिया। सूत्रों के अनुसार, ईडी की टीम सुबह 10 बजे द्वारका पहुंची। जिसमें से सेक्टर 16बी का प्रूडेंस स्कूल पर ईडी की टीम के पहुंचने के बाद, स्कूल प्रशासन की तरफ से बच्चों के अभिभावकों को कॉल कर कुछ जांच की बात बताते हुए, आज छुट्टी करने की जानकारी दी। जिसके बाद आनन-फानन में अभिभावक बच्चों को लेने स्कूल पहुंचे, जो बच्चे बस से आना-जाना करते थे उनके पैरेंट्स को भी फोन कर छुट्टी होने की जानकारी उन्हें दी गयी। स्कूल से बच्चे को वापस लेने पहुंचे एक अभिभावकों ने बताया कि, अभी थोड़ी देर पहले ही वो अपने बेटे को स्कूल छोड़कर गए थे। एक पीरियड की पढ़ाई हुई थी, लेकिन स्कूल से कुछ इंटरनल इंस्पेक्शन की बात बताकर छुट्टी की सूचना दी गई। जिसके बाद उन्हें अपना काम छोड़ कर बच्चे को लेने के लिए आना पड़ा। किस कारण से आज स्कूल की छुट्टी की गई, इसकी सही जानकारी उन्हें नहीं है।

### अवैध मीट कारोबारियों पर केस के लिए सूची सौंपी

नई दिल्ली। नगर निगम ने विभिन्न इलाकों में अवैध मीट का काम करने वाले कारोबारियों पर नकेल कसने के लिए 196 दुकानदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने को लेकर दिल्ली पुलिस को सूची सौंपी है। इस संबंध में निगम अधिकारियों ने पुलिस अधिकारियों को पत्र लिखा है और एक लिस्ट भी सौंपी है। निगम ने 449 दुकानों को नोटिस जारी कर 420 दुकानों के चालान किए हैं। निगम अधिकारियों ने बताया कि मीट कारोबारियों पर बड़े पैमाने पर की जा रही कार्रवाई एक अप्रैल 2002 से 31 जुलाई 2022 तक की है, जो अगस्त माह में भी जारी है। एकीकृत निगम होने के बाद से स्वास्थ्य विभाग ने दिल्ली नगर निगम के 12 जोन में अवैध मीट कारोबारियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू की थी। इस दौरान पता लगा कि पशुओं को अवैध रूप से काटने एवं जीवित मुर्गों, मछलियों की खुले आम सड़कों पर बिक्री कर रहे हैं। ऐसे कारोबारी शाहदरा दक्षिण और उत्तरी जोन, दक्षिण जोन, पश्चिम जोन, नरेला जोन, नजफगढ़ जोन, मध्य जोन, सिविल लाइंस जोन सहित अन्य जोन में अधिक संख्या में चिन्हित किए गए थे।

### दीपक शर्मा ने किया जन सुनवाई शुरू होने का स्वागत

नई दिल्ली। दिल्ली के पुलिस आयुक्त संजय अरोडा ने पिछले दो वर्षों से कोरोना महामारी के कारण बन्द पडी जन संवाद (जन सुनवाई) को दोबारा शुरू करने का निर्णय लिया है। उनके इस फैसले से दिल्ली की जनता ने उनका आभार प्रकट किया। इस्पात एवं संचार मंत्रालय (भारत सरकार) के पूर्व सदस्य व आरडब्ल्यूए राम नगर के संस्थापक/अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा पुलिस आयुक्त द्वारा लिया गया यह निर्णय बहुत ही सरहानीय है, जिससे दिल्ली की जनता अपनी शिकायत पुलिस आयुक्त के समक्ष रख सकती है। और शिकायत सही पाये जाने पर पुलिस आयुक्त उसका निबटारा शीघ्र करेंगे ऐसी आशा है। आरडब्ल्यूए के महासचिव देवेंद्र पाल शर्मा ने कहा, कोरोना महामारी के कारण बन्द पडी जन सुनवाई के कारण लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था यह खबर उन लोगों के लिए राहत भरी है दीपक शर्मा ने कहा कि समस्त क्षेत्रीय ज्वाइंट पुलिस आयुक्त व दिल्ली के समस्त जिलों के पुलिस उपायुक्तों को भी जन सुनवाई कार्यक्रम करना चाहिए जिससे लोगों की शिकायतें दूर होने में मदद मिलेगी।

# सरकार दिल्ली में तैयार करवा रही है 11 नए अस्पताल:केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

केजरीवाल सरकार दिल्ली की हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को बूस्ट देने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रही है इस दिशा में सरकार दिल्ली में 11 नए अस्पताल तैयार करवा रही है जिससे दिल्ली सरकार के अस्पतालों में 10,000 से ज्यादा बेड्स की बढोतरी होगी उपमुख्यमंत्री व पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को पीडब्ल्यूडी व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ इस बाबत बैठक कर निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की पीडब्ल्यूडी मंत्री ने सिरसपुर, ज्वालापुरी, मादीपुर, हस्तसाल(विकासपुरी) में बन रहे अस्पतालों के साथ-साथ 6838 आईसीयू बेड्स की क्षमता के साथ बनाए जा रहे 7 नए सेमी-पमार्नेंट अस्पतालों के निर्माण कार्यों की प्रगति की जाँच की बैठक में अधिकारियों ने बताया कि ज्यादातर अस्पतालों का निर्माण कार्य इसी साल अंत तक पूरा हो जाएगा और कुछ अस्पताल 2023 के मिड तक बनकर तैयार हो जाएंगे निर्माण कार्य समय पर पूरे हो



और सभी अस्पताल जल्द ही जनता को समर्पित हो इस बाबत हर 15 दिन में ग्राउंड पर जाकर करेंगे ऑन साईट इंस्पेक्शन किया जाएगा इस मौके पर श्री सिसोदिया ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्त्व में दिल्ली सरकार दिल्ली में हर नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है सरकार में आने के पहले दिन से ही दिल्ली के हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को विश्वस्तरीय बनाना और दिल्ली के हर नागरिक को शानदार स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाना हमारी प्राथमिकता रही है उन्होंने कहा कि इन 11 नए अस्पतालों से दिल्ली के हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को बूस्ट मिलेगा और लाखों दिल्लीवासी इसका लाभ उठा सकेंगे केजरीवाल सरकार दिल्ली में तैयार करवा रही है 3237 बेड्स की क्षमता वाले 4 अत्याधुनिक अस्पताल केजरीवाल सरकार द्वारा सिरसपुर में 1164 बेड्स की क्षमता के साथ 11 मंजिला एक अत्याधुनिक अस्पताल का निर्माण करवाया जा रहा है साथ ही इस बिल्डिंग में 2 मजिला बेसमेंट भी है अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल का निर्माण कार्य लगभग आधा पूरा हो चुका है कोरोना और पिछली सर्दियों में प्रदुषण की वजह से निर्माण कार्यों के रोके जाने के कारण योजना की गति थोड़ी धीमी हुई लेकिन अब निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है और 2023 में जून महीने के अंत तक ये अस्पताल बनकर तैयार हो जाएगा सरकार द्वारा ज्वालापुरी, मादीपुर व हस्तसाल(विकासपुरी) में प्रत्येक में 691 बेड्स की क्षमता वाले 10 मंजिला अस्पताल बना रही है ज्वालापुरी व मादीपुर में बन रहे अस्पतालों का 60% से ज्यादा निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और मार्च 2023 तक ये दोनों अस्पताल बनकर तैयार हो जाएंगे हस्तसाल में भी अस्पताल बनाने का काम तेजी से चल रहा है और इसका निर्माण कार्य भी 2023 के अंतिम महीनों तक पूरा हो जाएगो बता दे कि इन तीनों अस्पतालों में भी 2 मंजिला बेसमेंट भी है केजरीवाल सरकार तैयार करवा रही है 6838 आईसीयू बेड्स की क्षमता वाले 7 सेमी-परमानेंट हॉस्पिटल कोरोना जैसी महामारियों के साथ-साथ क्रिटिकल केसों से लड़ने के लिए केजरीवाल सरकार 6838 आईसीयू बेड्स की क्षमता वाले 7 सेमी-परमानेंट अस्पताल तैयार कर रही है।


## क्विंट डिजिटल मीडिया लिमिटेड

(पूर्व में गौरव मर्केंटाइल्स लिमिटेड के रूप में जाना जाता था)

सीआईएन : L74110DL1985PLC373314

**पंजीकृत कार्यालय:** 403 प्रभात किरण, 17, राजेंद्र प्लेस, दिल्ली- 110008 | दूरभाष: 011- 45142374

**कॉर्पोरेट कार्यालय:** कार्नौस्टीज बिल्डिंग, प्लॉट नंबर 1, 9वीं मंजिल, सेक्टर 16 ए, फिल्म सिटी, नोएडा - 201301 | दूरभाष नंबर: 0120 4751818

वेबसाइट: www.quintdigitalmedia.com | ईमेल: cs@thequint.com

### सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी की सैंतीसवीं (37वीं) वार्षिक आम बैठक (**"एजीएम"**) शुक्रवार, 23 सितंबर, 2022 को शाम 4:00 बजे बुलाई जाएगी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो-विजुअल (ओएवीएम) के माध्यमों से व्यापार करने के लिए, जैसा कि एजीएम की सूचना में निर्धारित किया गया है। एजीएम का स्थान कंपनी का पंजीकृत कार्यालय माना जाएगा।

जारी COVID-19 महामारी के मद्देनजर, कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (**"एमसीए"**) ने अपने सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, सामान्य परिपत्र संख्या 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, सामान्य परिपत्र के माध्यम से संख्या 20/2020 दिनांक 5 मई, 2020, सामान्य परिपत्र संख्या 02/2021 दिनांक 13 जनवरी, 2021, सामान्य परिपत्र संख्या 21/2021 दिनांक 14 दिसंबर, 2021, और सामान्य परिपत्र संख्या 02/2022 दिनांक 5 मई, 2022 (**"एमसीए सर्कुलर"**) और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (**"सेबी"**) ने अपने परिपत्र सं. सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 दिनांक 12 मई 2020, सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2021/11 दिनांक 15 जनवरी 2021 और परिपत्र सं. सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/ 2022/62 दिनांक 13 मई, 2022 (**"सेबी परिपत्र"**) के द्वारा एजीएम भौतिक उपस्थिति के बिना, वीडियो कॉन्फ्रेंस / अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों से करने की अनुमति 31 दिसंबर, 2022 तक दी है। इन एमसीए परिपत्रों और सेबी परिपत्रों के अनुपालन में, कंपनी के सदस्यों की 37वीं वार्षिक आम बैठक वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

वित्तीय वर्ष 2021-2022 के लिए वार्षिक रिपोर्ट के साथ एजीएम की सूचना केवल उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक मोड से भेजी जाएगी जिनके ई-मेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी के साथ उपरोक्त एमसीए परिपत्रों और सेबी परिपत्रों के अनुसार पंजीकृत हैं। सदस्य ध्यान दें कि एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2021-2022 की वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.quintdigitalmedia.com और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध होगी। एजीएम की सूचना सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध होगी। सदस्य केवल वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकते हैं। एजीएम में शामिल होने के निर्देश एजीएम के नोटिस में दिए गए हैं। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों की गणना कंपनी अधिनियम, 2013 (**"अधिनियम"**) की धारा 103 के तहत कोरम की गणना के लिए की जाएगी।

अधिनियम की धारा 108 के प्रावधानों के अनुपालन में, कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 के साथ पठित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं), विनियम, 2015 के नियम 44 के साथ, भारतीय कंपनी सचिव संस्थान और एमसीए परिपत्रों द्वारा जारी सचिवीय मानक- 2, कंपनी अपने सदस्यों (भौतिक और इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर रखने वाले) को इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों (रिमोट ई-वोटिंग) द्वारा अपने वोट का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान करती है। एजीएम के नोटिस में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर एजीएम के दौरान ई-वोटिंग के साथ-साथ रिमोट ई-वोटिंग/ई-वोटिंग की विस्तृत प्रक्रिया एजीएम की सूचना में दी गई है।

सदस्यों को सेंट्रल डिपॉजिटरी इंडिया सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ("सीडीएसएल") के वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने की सुविधा प्रदान की जाएगी। ई-वोटिंग की प्रक्रिया पर निर्देश, जिस तरीके से भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य या जिन्होंने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं किया है, ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाल सकते हैं, एजीएम की सूचना के हिस्से के रूप में प्रदान किए जाएंगे।

हम उन सभी शेयरधारकों से आग्रह करते हैं जिन्होंने कंपनी/डिपॉजिटरी के साथ अपने ईमेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं, ताकि वे बिना किसी व्यवधान के सभी संचार तुरंत प्राप्त कर सकें। रिकॉर्ड में सही ईमेल पते को अपडेट करने से हमें आपके साथ प्रभावी ढंग से संवाद करने में मदद मिलेगी, खासकर इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान। यदि सदस्यों ने अपना ईमेल पता और बैंक खाता विवरण पंजीकृत/अपडेट नहीं किया है, तो कृपया नीचे दिए गए निर्देशों का पालन करें:

| | |
|---|---|
| **डीमैट होल्डिंग्स** | कृपया अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट ("डीपी") से संपर्क करें और अपने डीपी द्वारा बताई गई प्रक्रिया के अनुसार अपना ई-मेल पता और बैंक खाता विवरण पंजीकृत/अपडेट करें। |
| **भौतिक होल्डिंग** | भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित विवरणों की एक स्कैन कॉपी कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट यानी स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को subhashdhingreja@skylinerta.com पर भेजें।<br>**ईमेल आईडी को अपडेट/पंजीकरण करने के मामले में निम्नलिखित विवरण/दस्तावेज प्रदान करने की आवश्यकता है:**<br>1. फॉर्म ISR-1 में एक हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र और अन्य विवरण जैसे आपका नाम, ईमेल-आईडी, फोलियो नंबर, धारित शेयरों की संख्या, शेयर प्रमाणपत्र की प्रति और पूरा पता प्रदान करें; तथा<br>2. पैन की सेल्फ अटेस्टेड स्कैन कॉपी और एक पहचान प्रमाण (जैसे आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, चुनाव पहचान पत्र)।<br>**बैंक खाता विवरण अद्यतन करने के मामले में निम्नलिखित विवरण/दस्तावेज प्रदान करने की आवश्यकता है:**<br>1. फॉर्म ISR-1 में एक हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र और अन्य विवरण प्रदान करें जैसे आपका नाम, ईमेल-आईडी, फोलियो नंबर, धारित शेयरों की संख्या, शेयर प्रमाणपत्र की प्रति और पूरा पता;<br>2. पैन की सेल्फ अटेस्टेड स्कैन कॉपी और एक पहचान प्रमाण (जैसे आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, चुनाव पहचान पत्र);<br>3. बैंक का नाम और शाखा, बैंक खाता संख्या, प्रकार, IFSC कोड आलेखित करने के लिए रद्द किए गए चेक की प्रति। |

यदि आपके पास ई-वोटिंग के संबंध में कोई प्रश्न या समस्या है, तो आप www.evotingindia.com पर उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न ("एफएक्यू") और ई-वोटिंग मैनुअल को सहायता अनुभाग के तहत देख सकते हैं या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर एक ईमेल लिख सकते हैं या 1800225533 पर कॉल करें। इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा से जुड़ी सभी शिकायतों को श्री राकेश दलवी, प्रबंधक, (सीडीएसएल) सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एनएम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - 400013 को संबोधित किया जा सकता है या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल भेजें या 022-23058542/43 पर कॉल करें। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने के संबंध में या किसी अन्य मामले के लिए, कृपया कंपनी को cs@thequint.com पर या आरटीए को subhashdhingreja@skylinerta.com पर लिखें।

**निदेशक मंडल के लिए और उसकी ओर से**
**क्विंट डिजिटल मीडिया लिमिटेड**
**एसडी/-**
**तरुण बेलवाल**
**कंपनी सचिव**

**दिनांक**: 24 अगस्त 2022
**जगह**: नोएडा


जानकारि — जांच एजेंसियों की धमकी दिलवाकर और पैसे का ऑफर करके दिल्ली सरकार को गिराने का प्रयास कर रहे

# दिल्ली सरकार को गिराने के लिए 'आप' विधायकों को दिया जा रहा 20 से 25 करोड़ रुपए का ऑफर : संजय सिंह

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

भाजपा और पीएम मोदी की ओर से दिल्ली सरकार को गिराने के लिए 'आप' विधायकों को 20 से 25 करोड़ रुपए का ऑफर दिया जा रहा है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा भाजपा ने पहले उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के ऊपर सीबीआई के जरिए फर्जी मुकदमा दर्ज कर उन्हें भाजपा में शामिल कराने का प्रयास किया। वही प्रयास अब दिल्ली के विधायकों के ऊपर शुरू हो गया है। दिल्ली के विधायकों को पीएम मोदी, जांच एजेंसियों की धमकी दिलवाकर और पैसे का ऑफर करके दिल्ली सरकार को गिराने का प्रयास कर रहे हैं। दिल्ली के विधायक अजय दत्त, विधायक संजीव झा, विधायक सोमनाथ भारती, विधायक कुलदीप को तोड़ने का प्रयास किया गया।

आम आदमी पार्टी के विधायक और उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सामने



आकर बता रहे हैं कि उन्हें भाजपा में शामिल कराने की कोशिशें की जा रही हैंक्षलये सबूत पर्याप्त हैं।सीएम अरविंद केजरीवाल को देश और दिल्ली की चिंता है। जबकि पीएम नरेंद्र मोदी को सीबीआई-ईडी के जरिए विधायकों को तोड़ने और सरकार गिराने की चिंता है। विधायक सोमनाथ भारती ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेता ने संपर्क कर कहा कि भाजपा में शामिल हो जाओ वरना उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की तरह ईडी-सीबीआई का फर्जी मुकदमा करके दुर्गति करेंगे।

दूसरे राज्यों की सरकारें गिराने पर ध्यान लगाने की बजाय बेहतर होता कि पीएम मोदी मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक कर विभिन्न राज्यों में शिक्षा-स्वाथ्य सहित अन्य क्षेत्रों में हो रहे अच्छे कार्यों को पूरे देश में लागू करने पर ध्यान लगाते। विधायक संजीव झा ने कहा कि भाजपा ने ऑफर देते हुए कहा कि तुम पार्टी के पुराने नेता हो अगर कुछ साथी विधायकों को भी लाओगे तो उन्हें 20-20 करोड़ और तुम्हें 25 करोड़ रुपए देंगे। विधायक कुलदीप कुमार ने बताया कि भाजपा के पश्चिमी दिल्ली के नेता ने मुझसे संपर्क करके कहा कि अब दिल्ली से आम आदमी पार्टी खत्म होने वाली है। हमारी भी इस मुहिम में ड्यूटी लगाई है। विधायक अजय दत्त ने कहा कि भाजपा के पूर्व सांसद ने ऑफर दिया कि दिल्ली सरकार गिरने वाली है

कई 'आप' विधायक हमारे संपर्क में हैं। आप भी भाजपा में शामिल हो जाओ। आपको 20 करोड़ देंगे। जब मैंने मना किया तो धमकी दी कि जैसे मनीष सिसोदिया को सीबीआई के झूठे केस में फंसाया वैसे तुम्हें भी फंसा देंगे। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने आज पार्टी मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मैं नरेंद्र मोदी सरकार की साम, दाम, दंड, भेद की नीति और अपनी जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करके लोकतंत्र का गला घोंटकर संविधान की मयार्दा को तार-तार करके दिल्ली की सरकार को गिराने का काम कर रहे हैं। उन्होंने दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के ऊपर सीबीआई के जरिए फर्जी मुकदमा दर्ज करके उनको तोड़ने का प्रयास किया। अब यही प्रयास दिल्ली के हमारे विधायकों के ऊपर शुरू हो गया है। हमारे दिल्ली के विधायकों को तोड़ने की कोशिश की जा रही हैं। विधायकों को मोदी जी अपनी जांच एजेंसियों की धमकी दिलवाकर, पैसे का ऑफर देकर, धमकाकर डराकर तोड़ने और दिल्ली की सरकार को गिराने का प्रयास कर रहे हैं। दिल्ली के विधायक अजय दत्त, संजीव झा, सोमनाथ भारती कुलदीप को तोड़ने का प्रयास किया गया।